Demand to exempt charitable trust hostels from GST

श्री नरहरी अमीन (गुजरात): माननीय उपसभापति महोदय, गुजरात में कई सारे सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक चैरिटेबल ट्रस्ट हैं, जो स्कूल और कॉलेजेज़ में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नॉमिनल फीस लेकर होस्टल की सुविधा प्रदान करते हैं। गुजरात में पाटीदार समाज, राजपूत समाज, सुथार समाज, लुहार समाज, ब्रह्म समाज, सोनी समाज, प्रजापति समाज, मोदी समाज, जैन समाज जैसे कई समाजों के चैरिटेबल ट्रस्ट ग्रामीण एरिया से आने वाले गरीब और मध्यमवर्गीय विद्यार्थियों को अर्बन एरिया में नॉमिनल फीस लेकर होस्टल में रहने की सुविधा प्रदान करते हैं। इन चैरिटेबल ट्रस्ट्स का हेतु सेवा प्रदान करना होता है, न कि प्रॉफिट कमाना। इसके अलावा, चैरिटेबल ट्रस्ट्स संचालित हॉस्टल्स में भोजन और लॉन्ड्री की सुविधा भी दी जाती है। ये सभी चैरिटेबल ट्रस्ट्स इनकम टैक्स के सैक्शंस 80(जी) और 12(ए) के तहत रजिस्टर्ड होते हैं। इन सभी चेरिटेबल ट्रस्ट्स में डोनर की तरफ से जो डोनेशन आती है, उसी से होस्टल का निभाव खर्च निकाला जाता है। इन चैरिटेबल ट्रस्ट्स का हेतु सिर्फ सेवा होता है। इन चैरिटेबल ट्रस्ट्स संचालित शैक्षणिक संस्थाओं, जैसे स्कूल्स और कॉलेजेज़ को जीएसटी दर से मुक्ति मिली हुई है, परंतु इन चैरिटेबल ट्रस्ट्स संचालित होस्टल्स पर जीएसटी काउंसिल, भारत सरकार द्वारा 12 परसेंट की दर से जीएसटी लगाने का निर्णय किया गया है। गुजरात में ऐसे 500 से 600 चैरिटेबल ट्रस्ट्स संचालित होस्टल्स हैं, जहाँ पर गरीब और मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों को नॉमिनल फीस लेकर भोजन, लॉन्ड्री आदि सेवा दी जाती है। सरकार का प्रवर्तमान 12 परसेंट जीएसटी इन गरीब और मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों पर ही लागू होगा। मेरा आपके माध्यम से वित्त मंत्री से अनुरोध है कि इन चैरिटेबल ट्रस्ट्स संचालित होस्टल्स को हाल में प्रवर्तमान 12 परसेंट जीएसटी दर से मुक्ति दी जाए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Narhari Amin: Dr. Amar Patnaik (Odisha), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Abir Ranjan Biswas (West Bengal), Dr. Santanu Sen (West Bengal) and Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Deepak Prakash (Jharkhand), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Shri Kesridevsinh Digvijaysinh Jhala (Gujarat), Shrimati Mahua Maji (Jharkhand), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shrimati Darshana Singh (Uttar Pradesh), Shri Pabitra Margherita (Assam), Dr. Kalpana Saini (Uttarakhand), Prof. Manoj Kumar Jha (Bihar), Shri Baburam Nishad (Uttar Pradesh), Ms. Kavita Patidar (Madhya Pradesh), Shrimati Ramilaben Becharbhai Bara (Gujarat), Dr. Anil Sukhdeorao Bonde (Maharashtra), Shrimati Seema Dwivedi (Uttar Pradesh), Dr. Ashok Bajpai (Uttar Pradesh), Shri Ghanshyam Tiwari (Rajasthan), Shri Krishan Lal Panwar (Haryana), Shri Kanakamedala Ravindra Kumar (Andhra Pradesh) Shri Rambhai Harjibhai Mokariya (Gujarat) and Shri Jesangbhai Babubhai (Gujarat).